## एसआईआर के तहत 74% मतदाताओं का मिलान पूर्ण

**पांढुर्णा।** पांढुर्णा कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में आज प्रातः 8 बजे से विधानसभा पांढुर्णा में एसआईआर में लोकतंत्र का उत्सव अभियान 254 मतदान केंद्रों पर चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप विधानसभा के कुल 218589 मतदाताओं में से 162013 (74%) मतदाताओं का विगत एसआईआर से मिलान किया जा चुका है। विशेष अभियान के एक दिन में 10000 मतदाताओं को ऑनलाइन लिंक किया गया है। अभियान को सफल बनाने में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्रीमती अलका एक्का, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री विनय प्रकाश ठाकुर, नोडल अधिकारी, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री नरेंद्र बाबल, समस्त 254 मतदान केंद्रों के बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, सचिव, रोजगार सहायक, मतदान केंद्रों में पदस्थ समस्त शिक्षक एवं शासकीय कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### ठंड से मिलेगी राहगीरों, श्रमिकों और जरूरतमंदों को निजात

# सार्वजनिक स्थानों में नगर निगम ने बनाई अलाव की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा





लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर निगम ने शहर में अलाव जलाने की व्यवस्था की है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में गिरावट है। लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर निगम ने शहर के बस स्टैंड व जिला अस्पताल में अलाव जलाने की व्यवस्था की है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में गिरावट है जिस कारण सुबह शाम और रात के समय ठंड से परेशान राहगीर, श्रमिक और जरूरतमंद नागरिकों को तत्काल गर्माहट और सुविधा मिल सके। निगम द्वारा संचालित कलेक्ट्रेट के पास और नरसिंहपुर नाका स्थित रैन बसेरा है जहां पर महिलाओं और पुरुषों को ठहरने की व्यवस्था की गई है। यहां रुकने वाले लोगों से किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाता है। रैन बसेरे में निशुल्क रूम हीटर, कंबल, धुली हुई चादर, रजाई सहित एलइडी टीवी की व्यवस्था की गई है।

### सिख समाज ने निकाला पंचप्यारों के साथ नगर कीर्तन

## सांसद बंटी साहू ने गुरू तेगबहादुरजी को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

गुरू तेगबहादुरजी के 350 वे शहादत दिवस के अवसर पर छिन्दवाड़ा शहर में सिख समाज द्वारा पंचप्यारों के साथ नगर कीर्तन निकाला गया। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने गुरू तेगबहादुरजी को नमन करतें हुए पंचप्यारों पर माल्यार्पण करते हुए उनका स्वागत किया और उनका आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर शहर में निकालें गये नगर कीर्तन में शामिल सभी सिख समाज के लोगों का सांसद बंटी विवेक साहू ने अभिन्दन किया। इस अवसर पर नगर कीर्तन में सिख समाज से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, अंकुर शुक्ला, नवीन बारसकर, पूर्व विधायक नथनशाह कवरेती, मंडल अध्यक्ष मदन राय, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष पटेल, राजू नरोटे, दिनेशकांत मालवीय, विशवेन्द्र बैस, पप्पू ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यक्रर्मा मौजुद थे।

## बदनूर की राहुल हाइटेक नर्सरी बनी आधुनिक खेती का शानदार उदाहरण

### युवा किसान राहुल स्वयं भी सी–ग्रीन किस्म के खीरे की खेती से प्रति एकड़ से 10 लाख का कमा रहे हैं लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा





जिले के विकासखंड मोहखेड़ के ग्राम बदनूर के उन्नतशील किसान श्री राहुल देशमुख द्वारा संचालित राहुल हाइटेक नर्सरी जिले में आधुनिक खेती का मजबूत उदाहरण बन रही है। नर्सरी में अत्याधुनिक ग्राफ्टिंग सिस्टम, पौध तैयार करने की तकनीक और हाई-टेक मशीनों की वजह से यहां तैयार हो रहे पौधे अपनी गुणवत्ता के लिए दूर–दूर तक प्रसिद्ध हो रहे हैं। नर्सरी का ढांचा, कार्यप्रणाली और उन्नत तकनीक देखकर किसान और विशेषज्ञ सभी प्रभावित हो रहे हैं।

बीते दिनों इस नर्सरी में ग्राफ्टिंग फेन-शेड और पॉलीहाउस का भी शुभारंभ उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र कुमार सिंह तथा उप संचालक उद्यानिकी श्री एम.एल. उइके की मौजूदगी में किया गया है। इस अवसर पर छिंदवाड़ा सहित लगभग सात जिलों और महाराष्ट्र से आए करीब 2000 उन्नतशील किसान भी शामिल हुए थे। इन सभी किसानों ने राहुल हाईटेक नर्सरी में ग्राफ्टेड सब्जी पौधों की तकनीक, पौधों की गुणवत्ता, नर्सरी में लगी हाई-टेक मशीनरी और उन्नत उत्पादन प्रणाली को नजदीक से देखा। साथ ही 19 सीड एवं पेस्टिसाइड कंपनियों ने स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों और नई तकनीकों की जानकारी प्रदान की।

नर्सरी के साथ ही कृषक श्री राहुल स्वयं भी खीरे की खेती से लाभ कमा रहे हैं। नर्सरी पहुंचे यहां किसानों और कृषि वैज्ञानिकों ने उनके खेत में लगाई गई बीएसएफ कंपनी की सी-ग्रीन किस्म के खीरे की फसल का भी अवलोकन किया। इस हाई-टेक तकनीक से प्रति एकड़ 45–50 टन का उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त हो रहा है, जिससे किसान को प्रति एकड़ लगभग 10 लाख रुपये का शुद्ध लाभ मिल रहा है। कुल ढाई एकड़ में लगी फसल से करीब 25 लाख रुपये के लाभ का अनुमान है। छिंदवाड़ा का यह उच्च गुणवत्ता वाला खीरा वर्तमान में इंदौर, भोपाल, नागपुर, पूना और मुंबई जैसे शहरों तक भेजा जा रहा है। श्री राहुल देशमुख की यह हाइटेक पहल आधुनिक खेती की दिशा में एक मजबूत कदम है, जो जिले के कृषि क्षेत्र को नई पहचान और किसानों को नई प्रेरणा दे रही है।

## एनसीसी कैडेट्स द्वारा किया गया 38 यूनिट रक्तदान



**छिन्दवाड़ा।** एमपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमेन के मार्गदर्शन में 24 एमपी बटालियन एनसीसी द्वारा एनसीसी दिवस के अवसर पर आठवीं बटालियन के परिसर में स्थित स्वास्थ केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित रक्तदान महादान शिविर में रविवार के दिन प्रात 9:00 बजे 140 एनसीसी कैडेट्स 24 एमपी बटालियन के सभी एनसीसी अधिकारियों तथा पी आई स्टाफ की उपस्थिति में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग की साइबर क्राइम कंट्रोल एक्सपर्ट्स के टीम द्वारा उपस्थित सभी एनसीसी कैडेट्स को वर्तमान में देश तथा प्रदेश में घट रही साइबर क्राइम से संबंधित घटनाओं से सतर्क रहकर किन सावधानियां का पालन करना चाहिए इससे अवगत कराया गया। इसी प्रांगण में स्थित स्वास्थ्य केंद्र में जिला अस्पताल की छिंदवाड़ा की ब्लड बैंक की टीम की देखरेख में 38 सीनियर डिवीजन के एनसीसी कैडेट्स द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के एनसीसी अधिकारी तथा पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ.शेखर ब्रम्हने द्वारा भी रक्तदान किया गया।

## सांसद खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में फीट एवं खेलों इंडिया के माध्यम से जिले सहित प्रदेश और देश भर के स्कूलों और कॉलेजों में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा प्रतिभाओं को अवसर देने के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। सांसद खेल महोत्सव का आज 24 नबंवर को पुलिस ग्राउंड में सुबह 11 बजे सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा विधिवत शुभारंभ किया गया।

सांसद खेल महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर सांसद श्री साहू द्वारा सर्वप्रथम पुलिस ग्राउंड में ध्वजारोहण के साथ ही आकाश में ऑक्सीजन के बलून छोडे गए। इस के बाद विद्यार्थियों और खिलाडियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। इस के बाद खेल प्रदर्शनों की श्रृंख्ला में बूशू, रोप स्कीपिंग, जुम्बा एरोबिक सहित अन्य खेलों प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

## अभी तक 829830 मतदाताओं के फॉर्म प्राप्त कर डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण

**छिन्दवाड़ा।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र चौरई के मतदान केंद्र क्रमांक - 260 सहानवाड़ी के बीएलओ शिक्षक श्री गंगाधर सोमकुंवर, मतदान केंद्र क्रमांक -196 करेल के बीएलओ शिक्षक श्री नन्दकिशोर नागरे, मतदान केंद्र क्रमांक - 193 दांतला के बीएलओ शिक्षक श्री धनपाल मर्सकोले, मतदान केंद्र क्रमांक - 259 राधादेवी विशाला के बीएलओ शिक्षक श्री राजेन्द्र खोबरागडे व मतदान केंद्र क्रमांक - 255 चीचगांव के बीएलओ शिक्षक श्री मक्खनलाल मंडरे, विधानसभा क्षेत्र अमरवाड़ा के मतदान केंद्र क्रमांक -20 हिर्रीपठार के बीएलओ शिक्षक श्री सरजूप्रसाद वर्मा, मतदान केंद्र क्रमांक -142 हर्रई के बीएलओ श्री रविंद्र कुमार डेहरिया व मतदान केंद्र क्रमांक -88 डूंगरिया के बीएलओ शिक्षक श्री गणपत पन्द्राम ने भी गणना फॉर्म के डिजिटाइजेशन का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रगति पर है। अभी तक जिले के 12 लाख 25 हजार 960 मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से गणना फॉर्म का वितरण किया जा चुका है। अब अभियान रूप में भरे हुए गणना फॉर्म कलेक्शन का कार्य जारी है। मतदाताओं से गणना फॉर्म प्राप्त करने के बाद बीएलओ द्वारा ऐप के माध्यम से इनका डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। अभी तक 08 लाख 29 हजार 830 मतदाताओं के फॉर्म प्राप्त कर डिजिटाइजेशन पूर्ण कर लिया गया है। डिजिटाइजेशन के कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अभी तक 34 बीएलओ ने शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया है। गणना चरण पूर्ण होने में कुछ ही दिनों का समय शेष है, जिले के सभी मतदाताओं से अपने गणना फॉर्म शीघ्र भरकर बीएलओ को देने की अपील की गई है।

## सिंचाई के लिए सांसद बंटी विवेक साहू ने खोले माचागोरा के गेट

### सांसद ने कहा जिले के किसानों को पर्याप्त मात्रा में मिलेंगा सिंचाई के लिए पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा





रबी फसल की सिंचाई के लिए किसानों को अब पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो सकेगा। रविवार की दोपहर में सांसद बंटी विवेक साहू ने रबी फसलों की सिंचाई के लिए माचागोरा के गेट खोल दिये है। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि जिले के लगभग किसानों ने रबी फसलों की बोनी कर दी है। अब किसानो को सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकेगा। इस वर्ष अच्छी बारिश होने से माचागोरा सहित अन्य डेमों में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध है। माचागोरा के साथ ही अन्य डेमों से भी किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जायेगा। बिजली विभाग के अधिकारियों को भी सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दे दिये गये है।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व ही सांसद बंटी विवेक साहू ने कलेक्टेड कार्यालय छिन्दवाड़ा में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक ली थी। जिसमें सांसद साहू ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को जिले में जल्द से जल्द सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये थे। बैठक में सांसद श्री साहू ने बिजली विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिये थे की जिले में सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए। सांसद श्री साहू ने बैठक में जल संसाधन विभाग द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा करतें हुए लापरवाह ठेकेदारों को टर्मिनेट करने के आदेश भी दिये थे।

माचागोरा में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर पूर्व विधायक नथनशाह कवरेती, चौरई विधान सभा प्रभारी लखन वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल, मंडल अध्यक्ष मदन राय, शैलेन्द्र पटेल, धर्म वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष पटेल, राजू नरोटे, दिनेशकांत मालवीय, विशवेन्द्र बैस, पप्पू ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यक्रर्मा एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## स्मार्ट मीटर की नाकामी छिपाने लाई समाधान योजना : कांग्रेस

### समाधान योजना से उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा कोई समाधान- उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा की सरकार में समाधान "शब्द" अर्थविहीन हो चुका है। बातों, वादों और घोषणाओं में ही समाधान हो रहा, जमीनी स्तर पर उपभोक्ता परेशानियों से घिरा हुआ है। सरकारी तंत्र भी जनता से भाजपा की भाषा बोल रहा, जैसे काम हो जाएगा, कर देंगे, देख रहे हैं इत्यादि। किन्तु समाधान शून्य है। उक्त उदगार जिला कांग्रेस जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्री मुकेश उपाध्याय ने विद्युत विभाग की समाधान योजना पर तंज कसते हुए व्यक्त किए।

मुकेश उपाध्याय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि 3 नवम्बर से प्रारंभ हुई मप्र सरकार की समाधान योजना में किसी भी उपभोक्ता को राहत नहीं मिली। सरकार कागजों में ही समाधान कर रही। एकमुश्त राशि जमा करने के उपरांत भी किसी प्रकार का सरचार्ज माफ नहीं किया जा रहा। आज भी उपभोक्ताओं के द्वारा एक साथ पूरी राशि जमा करने के उपरांत भी कोई राहत नहीं मिल रही। एकमुश्त राशि पर लाभ देने की बात करने वाली भाजपा सरकार उपभोक्ताओं के साथ पूर्व की तरह ही ठगी कर रही। आम उपभोक्ता विद्युत विभाग की पेचिदियों में बुरी तरह उलझा हुआ है। यह योजना केवल स्मार्ट मीटर की नाकामी को छिपाने के लिए जनता पर थोपा जा रहा है।

श्री उपाध्याय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के अंत में कहा कि समाधान योजना भी अन्य योजनाओं की तरह केवल कागजों में संचालित हो रही। उभोक्ताओं को उससे कोई लाभ नहीं मिल रहा। उन्होंने भाजपा सरकार से अपील की है कि समाधान योजना की हकीकत जानने के लिए उपभोक्ताओं से सम्पर्क साधे तो योजना की जमीनी हकीकत सामने आ जाएगी।

## जल संरक्षण एवं सहभागिता को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने की बड़ी आवश्यकता

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद संपूर्ण जिले मे समाज की सेवा मे पूर्व ऊर्जा के साथ योगदान दे रहा। शासन एवं समाज के बीच धूरी बनकर कार्यक्रमों एवं अभियानों मे गतिविधियां की जा रही है।इसी क्रम मे जल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के कलेक्टर श्री हरेन्द नारायन जी के आदेशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के निर्देशन में परामर्शदाता श्री विनोद तिवारी , श्रीमति लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह,श्री जयप्रकाश सुर्यवंशी, श्री आशीष साहू मार्गदर्शन में कार्य क्रम का आयोजन पी जी कॉलेज छिंदवाड़ा मे किया गया। इस अवसर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन,वरिष्ठ समाजसेवी परामर्शदाता विनोद तिवारी,श्रीमती लता नागले,एवं जय प्रकाश सूर्यवंशी सहित समस्त अतिथियो ने क्रमशः अपने उद्बोधन में कहा कि जल संकट को देखते हुए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपने दैनिक जीवन को जल बचाने का सिद्धांत बनाये। उन्होंने वर्षा जल संरक्षण, जल पुनर्चक्रण और पारंपरिक जल आपदा के संरक्षण जैसे उपायों पर रोक लगाने की आवश्यकता बताई।कार्यक्रम में सभी विषय विशेषज्ञ ने सतत विकास लक्ष्य की पूर्ती हेतू स्थानीयकरण की नौ थीमों के बारे में बताकर जल की पर्याप्तता वाला गांव बनाने की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नागरिक भागीदारी एवं जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न तकनीकी एवं क्षेत्रीय उपायों के बारे मे बताया।इस अवसर पर जल संरक्षण कार्य में सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया।

### भाजपा शासित निगम उन्हें धूमिल करने की कोशिश ना करें

## कमलनाथ-नकुलनाथ के विकास कार्य विश्व पटल पर चमक रहे: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के विकास कार्य विश्व पटल पर चमक रहे। भाजपा शासित निगम उन्हें धुमिल करने की कोशिश ना करें। उक्त उदगार कांग्रेस पूर्व उप ब्लॉक के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से कमलनाथ के द्वारा चार फाटक से सिवनी रोड तक आरओबी के शिलान्यास पत्थर को भाजपा शासित निगम द्वारा चूना पोतकर छिपाने पर व्यक्त किए।

कांग्रेस के पूर्व उप ब्लॉक के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से एकजुट चारफाट पहुंचे। उपस्थित समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर शिलान्यास पत्थर को पानी से धुलकर पूरी तरह साफ सुथरा किया। इस दौरान उपस्थित पप्पू यादव, शैलेन्द्र उर्फ शैलू सेंगर, राजेश चौधरी गुड्डे शर्मा, राजा यादव, राहुल दुबे, राजेन्द्र नाथ, अशोक वर्मा, चिंचू पहाड़े, विक्रम यादव एवं दीपक यादव ने सामूहिक रूप से कहा कि मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी के विकास कार्य छिन्दवाड़ा ही नहीं अपितु विश्व पटल पर चमक रहे हैं। उन्होंने भाजपा शासित निगम को चेतावनी देते हुए कहा कि निगम नेताद्वय के विकास कार्यों को धूमिल करने की कोशिश ना करें। कांग्रेस का प्रत्येक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जिले की जागरूक जनता जानती है कि भाजपा नाम बदलने या फिर कार्यों का श्रेय लेने की माहिर है, किन्तु कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाजपा शासित निगम को अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होने देगा।

कांग्रेस पूर्व उप ब्लॉक के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा शासित निगम को चेताया कि कमलनाथ एवं नकुलनाथ के विकास कार्यों के शिलान्यास पत्थरों को धूमल करने का प्रयास ना करें।

# अव्यवस्थाओं के खिलाफ एनएसयूआई ने महाविद्यालय की प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**परासिया :-** एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष आनन्द बेलवंशी एवं महाविद्यालय के सैकड़ों छात्रों ने सोमवार को कॉलेज में बढ़ती अव्यवस्थाओं और प्रशासन की अत्यधिक लापरवाही के खिलाफ एकजुट होकर प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा । छात्रों ने बताया , कि कॉलेज में लगातार बढ़ती समस्याओं को अनदेखा कर महाविद्यालय प्रशासन छात्रहितों को जोखिम में डाल रहा है । कालेज में सुरक्षा , शौचालय , छात्रवृत्ति , शिक्षण व्यवस्था और अनुशासन जैसे मूलभूत मुद्दों को लंबे समय से टालते रहने के कारण छात्रों में आक्रोश बढ़ चुका है । एन एस यू आई के ब्लाक अध्यक्ष आनन्द बेलवंशी ने कहा , कि एनएसयूआई छात्रों की आवाज़ है और जब प्रशासन सो जाता है , तब संगठन ही छात्रों का वास्तविक सहारा बनकर खड़ा होता है । महाविद्यालय की वर्तमान स्थिति चिंताजनक है और इसका मुख्य कारण है प्राचार्य तथा प्रशासन की उदासीनता । बंद पड़े शौचालयों ने छात्राओं की सुरक्षा और गरिमा को खतरे में डाल दिया है , जबकि निष्क्रिय सीसीटीवी कैमरे कॉलेज परिसर को असुरक्षित बना रहे हैं । सुरक्षा गार्डों की अनुपस्थिति प्रशासन की सबसे बड़ी लापरवाही को दर्शाती है । वहीं कई शिक्षकों की अनियमितता छात्रों की पढ़ाई पर सीधा प्रहार है । छात्रवृत्ति में महीनों की देरी ने गरीब और ST वर्ग के छात्रों की शिक्षा को बाधित कर दिया है । शुल्क जमा प्रणाली की अव्यवस्था ने छात्रों को अनावश्यक परेशानी में डाल दिया है । इन सब अव्यवस्थाओं से आक्रोशित छात्र परासिया एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष आनन्द बेलवंशी , देविका इरपाची , ईशिका मालवीय , मोनिका बट्टी , रीना कवरेती , राखी उइके , अंजलि उइके , नीलू धुर्वे , पार्वती भालवी , अंकिता बट्टी , गायत्री धुर्वे , संजना भलावी , मोनिका बट्टी , पूजा धुर्वे , अखिलेश , निखिल , संतलाल भारती , राजेंद्र धुर्वे , दीपेंद्र मरकाम , राजू भारती , मनोज मर्सकोले , राजेश धुर्वे , सूरजलाल , कुलदीप , सतीप्रकाश मरकाम , निलेश धुर्वे , रवि कुड़पे , दुर्गा इवनाती , विनिता मरावी , जयदीपा इरपाची , शकुन सरसाम , दुर्गा इवनाती , विनीता मरावी , जयदीपा इरपाची, शकुन सरसम ने ज्ञापन दिया और व्यवस्था शीघ्र नहीं सुधरने पर आंदोलन की चेतावनी दी है ।




## ड्रिंक एंड ड्राइव पर मामला दर्ज

**परासिया।** परासिया पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने और हंगामा करने के चलते वाहन चालक के खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव का मामला दर्ज किया है । दरअसल इटारसी से कुछ लोग वाहन क्रमांक यू पी 16 ए एच 3333 से परासिया आए थे । वाहन में चालक सहित 4 लोग सवार थे । बताया जा रहा है , कि चारों ने खूब शराब पी रखी थी । चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के चलते कुछ लोग दुर्घटना की चपेट में आने से बाल - बाल बचे । बताया जा रहा है , कि थाने के समीप पेट्रोल पंप के पास राह में चल रहे एक व्यक्ति को टक्कर लगी जिसके बाद वहां विवाद हुआ । वाहन में सवार मौके पर खूब हंगामा भी किया । मौजूद लोगों ने पुलिस बुलाई । पुलिस ने वाहन सहित चारों को थाना ले गई । घटना रविवार रात की बताई जा रही है । पुलिस ने बताया , कि शराब के नशे में वाहन चलाते पाए जाने पर चेतन बाग निवासी चालक शुभम धुर्वे के खिलाफ बी एन एस की धारा 185 के तहत मामला दर्ज किया गया है ।

## छेड़ी को कब्ज़ा मुक्त कराने परेशान महिला

**परासिया।** चांदामेटा वार्ड 12 की एक महिला अपने मकान की छेड़ी को कब्ज़ा मुक्त कराने के लिए परेशान है , जबकि इस मामले में महिला द्वारा नगर पंचायत , तहसीलदार , एस डी एम सभी से गुहार लगाई है । ताज्जुब तो यह है , कि इस मामले में तत्कालीन एस डी एम ने छेड़ी को कब्ज़ा मुक्त कराने के लिए तहसीलदार और चांदामेटा थानेदार को आदेशित भी किया था । ज्ञात हो , कि चांदामेटा वार्ड 12 में उषा धारसे का मकान हैं । इनके मकान के बगल में विशाल का मकान है । दोनों मकानों के बीच में 3 फिट चौड़ी छेड़ी है । यह छेड़ी ऊषा के मकान की कुल लम्बाई की आधी दूरी तक है । जबकि पिछले हिस्से में छेड़ी को बंद कर दिया गया है । जिससे ऊषा के मकान के पिछले हिस्से से छेड़ी में निकलने की कोई जगह ही नहीं है । छेड़ी की और खुलने वाला दरवाजा पूरी तरह बंद हो गया है । छेड़ी को मकान के सामने वाले हिस्से से पिछले हिस्से तक खुलवाने और उस पर से कब्ज़ा हटाने के लिए महिला लंबे समय से तहसील के चक्कर काट रही है ।

# स्टेशन रोड सड़क को लेकर बैठक में सुझाव भी तकरार भी

### खुदाई कर बनाई जाए सड़क

**परासिया। नगर पालिका परासिया द्वारा स्टेशन रोड क्षेत्र में प्रस्तावित मॉडल रोड निर्माण को लेकर शनिवार को एक बैठक आयोजित की गई । जिसमें तकरार भी हुई और सुझाव भी दिए गए । बैठक में सड़क खोदकर बनाएं जाने और डिवाइडर कतई नहीं बनाएं जाने का फैसला लिया गया ।**

बैठक का माहौल उस वक्त गरमा गया , जब वार्ड 9 और 10 के पार्षदों ने प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए बैठक की सूचना न देने पर कड़ी आपत्ति दर्ज की । यह विवाद इतना बढ़ गया कि वार्ड 9 के पार्षद आशीष जायसवाल ने विरोध-स्वरूप बैठक का बहिष्कार किया और तुरंत लौट गए । बैठक में मौजूद पार्षद अनुज पाटकर ने प्रस्तावित डीपीआर का बारीकी से अवलोकन किया ।

### जनता ने रखा 'दो टूक' मत डिवाइडर नहीं, सड़क खोदकर ही हो निर्माण

बैठक में उपस्थित नागरिकों ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में अपने सुझाव दिए । नागरिकों ने एक स्वर में यह मांग उठाई , कि सड़क निर्माण वर्तमान सड़क की खुदाई करके ही किया जाना चाहिए । उनका तर्क था , कि लंबे समय से सड़क ऊँची होने के कारण कई मकानों का स्तर नीचे हो चुका है और खुदाई से ही सड़क - मकान का स्तर समतल हो पाएगा । जिससे निवासियों को राहत मिलेगी । इसके अलावा नागरिकों ने सड़क पर डिवाइडर के निर्माण का कड़ा विरोध किया ।

### जल निकासी सबसे बड़ी चुनौती

क्षेत्र में बरसात में होने वाले गंभीर जलभराव की समस्या को देखते हुए नागरिकों ने सीवरेज लाइन के माध्यम से गंदे पानी की निकासी को सुव्यवस्थित करने पर विशेष बल दिया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवी , पार्षद अनुज शंकरलाल पाटकर , वार्ड क्रमांक 11 पार्षद पवन सूर्यवंशी एवं वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश चौरसिया , भाजपा नेता भरत जैन , समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया , पीयूष बत्रा , रज्जू रसेला , महेश गुप्ता , माधव रसेला , सुभाष अरोरा , गगन खंडूजा , अनु कुलपहरा , सतीश गोयल , नरेश विश्वकर्मा समेत दोनों वार्डों के गणमान्य नागरिक एवं राजनीतिक दलों के नेता उपस्थित रहे । हंगामेदार शुरुआत के बावजूद, नागरिकों के मजबूत और एक समान सुझावों ने इस बैठक को अत्यधिक महत्वपूर्ण बना दिया है ।

# मशक्कत के बाद शुरू हुई सड़क की मरम्मत



**न्यूटन / परासिया ।** नगर पंचायत न्यूटन चिखली में स्टेट हाईवे 19 की सड़क की मरम्मत का कार्य बड़ी मशक्कत के बाद शुरू हुआ । इस हाईवे पर नगर के मुख्य स्थल से पेंच नदी तक कई जगह गड्ढे निर्मित हो गए थे । जिनकी मरम्मत के लिए स्थानीय लोगों द्वारा शिकायतें की गई । खबरें भी प्रकाशित हुई और सी एम हेल्पलाइन में भी शिकायत हुई ।गौरतलब है , कि स्टेट हाईवे 19 के चौड़ीकरण के बाद से ही सड़क को मरम्मत की दरकार रही है , लेकिन ठेकेदार की लापरवाही और अधिकारियों की अनदेखी के चलते समय के साथ सड़क की हालत बिगड़ती गई । न्यूटन नगर के मुख्य स्थल और पेंच नदी से पहले तक सड़क पर कई जगह गड्ढे निर्मित होने से दुर्घटना की आशंका बन गई । स्थानीय लोगों द्वारा सड़क मरम्मत और डिवाइडर के रंगरोंगन के लिए लगातार आवाज उठाई गई । अखबारों ने भी इस समस्या को खबर के माध्यम से उठाया । तब भी न तो ठेकेदार और न ही अधिकारियों के कानों में जूँ रेंगी । जब इसकी शिकायत सी एम हेल्पलाइन लाइन में की गई तब सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू हुआ ।

## घर के पीछे आंगन में निकला 12 फिट का अजगर, वन विभाग ने जंगल में छोड़ा



**लांजी।** वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी अंतर्गत बकरामुंडी के वार्ड क्रमांक 1 निवासी मूलचंद उईके के घर के पीछे स्थित आंगन में कचरे के पास एक विशालकाय 12 फिट अजगर के दिखने से हड़कंप मच गया। अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू मूलचंद उईके द्वारा वनविभाग को इसकी सूचना दी गई और वनविभाग से मिले चिमटे की सहा।

# विद्यालय में आज एनसीसी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

**शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरनापुर के प्लाटुन नम्बर 241 के द्वारा रविवार 23नवम्बर 2025 को विद्यालय परिसर में एनसीसी दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई।**

इसके बाद एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन, एकता और देशभक्ति का परिचय देते हुए आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया और राष्ट्रीय ध्वज की सलामी हवलदार रसपाल सिंह के द्वारा ली गई। कार्यक्रम का आयोजन 6 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी बालाघाट के ,*लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कुमार गुप्ता* के निर्देशन एवं संस्था के *प्राचार्य श्रीमती अनिता तारन* एवं एनसीसी प्रभारी सीटीओ वर्षा चौरगड़े के मार्गदर्शन में एनसीसी के 62 कैडेट्स ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिनमें नृत्य (डांस) और भाषण प्रतियोगिता प्रमुख रहे। कैडेट्स ने देशभक्ति पर आधारित गीत और नृत्यों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। भाषण प्रतियोगिता में कैडेट्स ने राष्ट्र सेवा, अनुशासन और युवा शक्ति पर प्रभावशाली विचार व्यक्त किए।

समारोह के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देशप्रेम की भावना को और अधिक मजबूत करते हैं। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी उपस्थित कैडेट्स ने एनसीसी दिवस को यादगार बनाने में अपना योगदान दिया।

## 25 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का विधायक ने किया भूमिपूजन

# ग्राम की मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता से किया जा रहा हल- विवेक पटेल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोस्ते में 25 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक विवेक विक्की पटेल का ढ़ोल नगाड़ो आतिशबाजी के साथ स्वागत किया।

### विधायक खरीदने भाजपा के पास पैसे, विकास के लिए खजाना खाली- जीतू राजपूत

इस मौके पर जनपद सदस्य जितेन्द्र सिंह जीतू राजपूत ने कहा कि यह सामुदायिक भवन विधायक विक्की पटेल के प्रयासों से लाया गया हैं। भवन बनने के बाद ग्रामीणों को कोई भी कार्यक्रम करवाने में सुविधा होगी। इसके पहले भी विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा ग्राम कोस्ते में सी सी सडक्र सभा मंच, नाली की सौगात दी गई थी। इस ग्राम में स्वागत गेट की कमी हैं, हम चाहते हैं कि आपके प्रयासों से स्वागत गेट बनना चाहिए। प्रदेश सरकार नहीं चाहती कि ग्राम का विकास हो, सरकार का खजाना खाली हैं, उनके पास विधायकों को खरीदने पैसे हैं। मगर विकास करने पैसों की कमी पड़ जाती हैं। किसानों को खाद नहीं मिल रही हैं, खराब फसलों का मुआवजा नहीं मिल रहा हैं, बहनों को तीन हजार रूपये प्रतिमाह नहीं मिल रहा हैं। भाजपा सरकार किसानों की पार्टी नहीं हो सकती है, आने वाले समय पर प्रदेश की जनता इन्हें जरूर सबक सिखाएगी।



### बहुत जल्द कोस्ते वासियों को स्वागत गेट की मिलेगी सौगात- विवेक पटेल

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि क्षेत्र में विकास में किसी तरह की कमी नहीं रहेगी। हम सभी मिलकर अपने क्षेत्र का विकास करेगें। क्षेत्र में जो मूलभूत समस्यायें हैं, उनके निराकरण हेतु प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा हैं। आपके स्नेह व विश्वास के चलते ही मैं इस मुकाम पर हूॅ और विधायक बना हूॅ। अब हमारी जिम्मेदारी हैं कि आपके विश्वास के अनुरूप कार्य किया जाये। क्षेत्र में जो भी कार्य हो रहे हैं, वह सब आपके संघर्ष की देन हैं। निश्चित ही इस भवन के माध्यम से आप सभी एक स्थान पर बैठक अपने गांव के तमाम तरह के मसले को लेकर रायशुमारी करेगें और उसे किस तरह से गति दी जा सकती हैं, निर्णय करेगें। उन्होने कहा कि आगामी समय में और भी कार्य किये जायेगें। उन्होंने गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि यह कार्य अच्छा होना चाहिए। जिन्हें इस कार्य को देखकर ऐसा नहीं लगना चाहिए कि वह ठीक से नहीं बना हैं।

# साकेत पब्लिक स्कूल लांजी में 77वें एन.सी.सी. स्थापना दिवस पर भव्य परेड एवं समारोह

**हरिभूमि न्यूज लांजी। साकेत पब्लिक स्कूल लांजी में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक विशेष परेड एवं समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 6मध्यप्रदेश बटालियन एन.सी.सी. बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के निर्देशानुसार तथा विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र कुमार दुरुगकर के मार्गदर्शन में किया गया।**




परेड का आयोजन विद्यालय परिसर में सुबह 9 बजे से शुरू हुई परेड में एन.सी.सी. कैडेट्स ने मार्च पास्ट किया। ध्वज ध्वजदान के बाद राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई और एन.सी.सी. गीत के साथ कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हुआ। परेड में विद्यालय के सभी वर्गों के कैडेट्स ने भाग लिया और उनके सटीक कदमों ने उपस्थित जनसमुदाय को आकर्षित किया।

एन.सी.सी. अधिकारी संदीप कुमार रामटेककर ने अपने संबोधन में कहा, "आज हम स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय कैडेट कोर की 77वीं वर्षगांठ मनाते हैं। एन.सी.सी. का गठन युवाओं में चरित्र, भाईचारा, सेवा के आदर्श और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर राष्ट्रीय आपातकाल में सशस्त्र बलों को तेज़ी से विस्तार करने में सक्षम बनाना तथा देश की रक्षा में रुचि को प्रोत्साहित करना है।"

अधिकारियों के संदेश लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता ने कहा, "एन.सी.सी. के माध्यम से हम अपने छात्रों को राष्ट्र सेवा के लिए तैयार कर रहे हैं। यह परेड हमारे कैडेट्स के आत्मविश्वास और अनुशासन को दर्शाती है।" प्राचार्य महेंद्र कुमार दुरुगकर* ने कहा, "विद्यालय के सभी छात्रों को एन.सी.सी. के आदर्शों से जोड़ना और उन्हें भविष्य में राष्ट्र की सेवा में अग्रणी बनाना हमारा कर्तव्य है।"कैडेट्स की भागीदारी

परेड में भाग लेने वाले सभी कैडेट्स ने उत्साह और समर्पण का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कैडेट्स को प्रमाणपत्र एवं सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ, अभिभावक तथा स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। एन.सी.सी. स्थापना दिवस के इस समारोह ने छात्रों में राष्ट्रीय भावना को और अधिक प्रज्वलित किया तथा भविष्य में राष्ट्र सेवा के लिए तैयार रहने का संकल्प दिलाया।

# एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगॉव में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज लांजी ।** आज की तेज़-तर्रार दुनिया में, छात्रों के सामने करियर मार्गदर्शन के ढेरों विकल्प और चुनाव मौजूद हैं। सही फैसला लेने का दबाव बहुत ज़्यादा हो सकता है, इसलिए करियर मार्गदर्शन आधुनिक शिक्षा का एक ज़रूरी हिस्सा बन गई है। करियर काउंसलिंग छात्रों को उनकी रुचियों, खूबियों और उपलब्ध अवसरों को समझने में मदद करती है, और उन्हें उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप भविष्य की ओर ले जाती है। यह लेख करियर काउंसलिंग के महत्व, स्कूलों में इसके महत्व और लांजी क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में से एक, एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल द्वारा इस महत्वपूर्ण सेवा को प्रदान करने में उत्कृष्टता प्राप्त करने के बारे में बताता है।स्कूलों में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य छात्रों को उनके भविष्य के लिए सूचित और सार्थक निर्णय लेने में मदद करना है। इन कार्यक्रमों में छात्रों को उनके करियर पथ, स्ट्रीम चयन, और उच्च शिक्षा के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया जाता है, जिसके लिए करियर परामर्श, मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन और विभिन्न व्यवसायों के विशेषज्ञों के साथ बातचीत जैसी गतिविधियाँ शामिल की जाती हैं। इसी तारतम में लांजी मुख्यालय अंतर्गत आने वाले ग्राम भानेगॉव, में 23नवंबर2025_ – रविवार को शाम 6 बजे एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगॉव के प्रांगण में एक विशेष करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे और सन्दीपनि विद्यालय, बोलेगांव के प्राचार्य श्री बी.आर.गरदे उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य कक्षा3 से5 तक के उन विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देना था, जो जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तैयारी में लगे हैं। साथ ही उनके अभिभावकों को भी इस सत्र में आमंत्रित किया गया था, ताकि वे अपने बच्चों की शैक्षिक प्रगति और भविष्य के अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान श्री बी.आर.गरदे ने शिक्षा के महत्व और जीवन में लक्ष्य निर्धारण के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बच्चों को अपने सपनों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदमों की जानकारी दी।लोकेश लिल्हारे ने नियमित अभ्यास और संघर्ष के माध्यम से शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त करने के बारे में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को उपलब्ध अवसरों का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया और कई वास्तविक उदाहरण प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में आवा सरपंच ललित कबीरे, नगपरे जी., पालक संघ अध्यक्ष डॉ. प्रकाश बेदरे, प्रकाश पटले, भुमेश्वर तुरकर, दुलोचन्द कावडे, खुशराज राहंगडाले, रोहित बिलघैया, हरिशचन्द्र बारबधे, गणेश बाहे, श्रीमती सविता मिसारे, अल्का भर्रे तथा विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर संस्था के संचालक श्री ए.आर.कुशले ने कहा कि बच्चों के बेहतर शिक्षा और समग्र विकास के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।

## ऐलीगेन्ट इंडिया परिवार का ग्राम बकेरा विद्यालय के बच्चों के लिए विशेष प्रयास

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बकेरा स्थित एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक बेहद प्रेरक दृश्य देखने को मिला। विद्यालय प्रांगण में ऐलीगेन्ट इंडिया परिवार ने सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय संवेदना से ओत प्रोत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम भाग्येस जी एवं स्मृति जी की स्मृति में दीदी लिलेश सोनेजी और मनोरमा सोनेजी द्वारा संचालित किया गया। यह दिन बच्चों के लिए उत्साह, ऊर्जा और उमंग से भरा रहा। कक्षा पहली से लेकर कक्षा 12 वीं तक के सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूल बैग और स्टेशनरी किट प्रदान की गई। बच्चों की चमकती आँखें, मासूम मुस्कान और शिक्षा के प्रति जागी नई प्रेरणा ने कार्यक्रम को विशेष और सफल बना दिया।

## खबर संक्षेप

### रोगी कल्याण समिति की बैठक 28 नवंबर को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक व रोगी कल्याण समिति के सचिव द्वारा जानकारी दी गई की रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय सिवनी की कार्यकारणी समिति की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में शुक्रवार 28 नवंबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे जिला चिकित्सालय सिवनी के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

### एनसीसी दिवस पर निकाली गई रैली

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**एनसीसी दिवस रविवार को मनाया गया। इस मौके पर रैली का आयोजन किया गया। इसके साथ ही निबंध प्रतियोगिता व पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई। रैली में स्कूल और कॉलेज सभी शामिल थे। शासकीय उच्च विद्यालय सिवनी से अनिल सिंह राजपूत मिशन स्कूल सिवनी से लक्ष्मण पटले उपस्थिति थे।आगामी 29 नवंबर को स्कूल में पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

# संभागीय उड़नदस्ता दल ने 2970 क्विंटल स्टॉक बिना अभिलेख के पकड़ा, प्रकरण मंडी समिति को सौंपा

संयुक्त कलेक्टर/संयुक्त संचालक जबलपुर के निर्देश पर संभागीय उडऩदस्ता दल द्वारा गत 23 नवंबर 2025 को दोपहर लगभग 3 बजे शुभम राइस मिल एवं पारबायलिंग उद्योग, गंगेरूआ में निरीक्षण किया गया।



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

जांच के दौरान मिल परिसर में अवैध रूप से संग्रहीत 2,970 क्विंटल धान मिला, जिसका स्टॉक कृषि उपज मंडी समिति बरघाट में दर्ज नहीं पाया गया।

निरीक्षण दल में उडऩदस्ता प्रभारी विक्रमादिव्य जवारे (सहायक उप निरीक्षक), दल के सदस्य निजाम सिंह बघेल एवं अन्य कर्मचारियों ने मौके पर भौतिक सत्यापन किया। जांच के दौरान फर्म प्रतिनिधि शुभम पटले उपस्थित रहे। दल द्वारा कार्रवाई करते हुए पूरा प्रकरण मंडी अधिनियम के तहत आगे की कार्यवाही हेतु सहायक उप निरीक्षक एन.के. सनोडिया, कृषि उपज मंडी समिति बरघाट को सौंपा गया। साथ ही रिपोर्ट संयुक्त संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, जबलपुर को भी प्रेषित की गई है। बरघाट मंडी क्षेत्र में बड़ी संख्या में राइस मिल संचालित हैं। उडऩदस्ता दल के अनुसार क्षेत्र में अन्य राइस मिलों की जांच में भी ऐसी ही भारी मात्रा में अनियमित भंडारण सामने आने की संभावना है, जिससे मंडी शुल्क और राजस्व की वसूली में वृद्धि होगी। जप्त धान - 2,970 क्विंटल मंडी अधिनियम के तहत 5 गुना मंडी शुल्क की कार्रवाई प्रस्तावित फर्म शुभम राइस मिल एवं पारबॉयलिंग उद्योग, गंगेरूआ बरघाट।

# जानवरों, जुआरियों, अवैध खनन और शराब माफिया के लिए आरक्षित है सिवनी जिला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

सिवनी जिले का विकास नहीं होने के कारण अनेक जागरुक नागरिक समय-समय पर चिंता जताते हैं। लेकिन एक बात तो सत्य है कि जंगली जानवरों, जुआरियों , अवैध खनन माफिया और शराब माफिया ने बेहिसाब विकास किया है। इनके लिए सिवनी जिला आरक्षित है। इस विकास में अनेक राजनेताओं का योगदान भी जन चर्चा का विषय है।

जिले की तमाम गतिविधियों का आंकलन करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता रघुवीर अहरवाल ने बताया कि सिवनी जिले में पेंच नेशनल पार्क के जंगली जानवर अक्सर घूमते रहते हैं। ये कभी आदमियों का शिकार करते हैं तो कभी आदमियों के शिकार हो जाते हैं। अखबारों और चर्चाओं में जिले में लगने वाले जुआ फड़ की खूब बात होती है। इसमें बड़ी संख्या में बड़े-बड़े धन्नासेठों से लेकर फटेहाल लोग भी शामिल होकर जिले की बेरोजगारी को घटाने का काम करते हैं। अवैध खनन के तहत पत्थर, गिट्टी, रेत, मुरम और मिट्टी भी बड़े पैमाने पर सप्लाई की जाती है। इसके अवैध कारोबारी दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रहे हैं। वैसे भी सिवनी के राजनेताओं ने सिवनी जिले की दुर्गति करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कभी सिवनी लोकसभा सीट थी अब खत्म हो गई। अब बालाघाट में जोड़ दिया गया है। पहले सिवनी जिले में पांच विधानसभा सीट थी, अब चार रह गई हैं। बड़ी लाइन आने के बाद भी कोई बड़ा कारखाना नहीं खोला गया है। इनसे नेताओं को बहुत फायदा हुआ है, जिसका कोई बखान नहीं करता है।

श्री अहरवाल ने आगे बताया कि देश के नेताओं का राष्ट्रीय बिजनेस शराब है। सच पूछो तो देश की आर्थिक रीढ़ शराब है। नेताओं के इस बिजनेस को जिले के वैध-अवैध शराब कारोबारियों ने खूब अपनाया है। शिव की नगरी में तमाम प्रकार के नशों के साथ-साथ शराब की गंगा बहती है। जिसमें जिले की जनता दिन रात डुबकी लगाते रहती है। जिसके पुण्य लाभ से इस धंधे से जुड़े लोग मालामाल हो रहे हैं।

# बंडोल में इनामी मड़ई एवं अहीर नृत्य का हुआ आयोजन, बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शक



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के ग्राम बंडोल में माल बाबा के प्रांगण में इनामी मड़ई एवं अहीर नृत्य का आयोजन हुआ जहा जिले के आस पास के अहीरो ने इस प्रतियोगता में हिस्सा लिया जिन्हे बड़ी संख्या में दर्शक देखने पहुंचे आयोजक समिति बंडोल द्वारा प्रथम पुरस्कार 5100 द्वितीय 4100 तृतीय 3100 चतुर्थ 2100 पंचम 1100 एवं प्रत्येक मंडल को संत्वना पुरुषकार दिया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरूण यादव अध्यक्ष जिला यादव महासभा सिवनी विशिष्टअतिथि विपिन यादव कोषाअध्यक्ष जिला यादव महासभा सिवनी, रमनलाल यादव, विनोद यादव, उमेश यादव, मुकेश यादव, अरूण यादव ,विजय यादव व अन्य यादव बंधुयों समेत ग्राम के समस्त गणमान्य नागरिको, जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

### परेड शिविर में दिशा बघेल का किसा गया सम्मान



सिवनी। पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में सहभागिता कर लौटी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस सिवनी की छात्रा दिशा बघेल का सम्मान कर शुभकामनाएं दी। एनएसएस प्रोग्राम ऑफीसर प्रो गनेश कुमार मंतारे ने बताया कि महाविद्यालय के बीए चतुर्थ वर्ष की छात्रा दिशा बघेल द्वारा लगातार तीन चयन प्रक्रिया पहले महाविद्यालय स्तर दूसरा जिला स्तर और तीसरा विश्वविद्यालय स्तर में चयनित होने के पश्चात विश्वविद्यालय में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए लगातार कड़ी मेहनत की जिसके दौरान इन्होंने कदमताल तथा सांस्कृतिक और व्यक्तित्व परीक्षण प्राप्त कर फिर राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व कर प्रिआरडीसी कैंप 5 नवंबर से 14 नवंबर 2025 आईटीएम यूनिवर्सिटी में दिशा बघेल ने लगातार ड्रिल परेड सांस्कृतिक विधा में अपना हुनर दिखाया।

## मां बेटी समाज ओर देश की रक्षा करना क्षत्रियो का धर्म है-जीवन सिंह शेरपुर

# राष्ट्रीय अध्यक्ष करणी सेना का केवलारी में हुआ आगमन




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।**

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर का राजपूत समाज के आग्रह पर केवलारी- आगमन पर रायखेडा पंचायत के कोहका ग्राम मे मुख्य मंचासीन कार्यक्रम आयोजित किया गया। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष का नगर आगमन पर समाज के लोगों ने केवलारी- पहूंचने पर बस स्टैंड भव्य स्वागत किया गया।

स्वागत ओर क्षणिक उद्बोधन के बाद सीधे काफिला कोहका गांव पहूंचा, मंडला सिवनी जिला के राजपुत समाज के बारिष्ठ, कनिष्ठ, युवाओं, महिलाओं की उपास्तिथी मे महाराणा प्रताप की पुजन ओर माता करणी की जयघोष के साथ जीवन सिंह शेरपुर ने कहा कि राजपूताना इतिहास है हमने अपनी 566 रियासते स्वतंत्रता के बाद भारत मे इसलिए विलय कर दी कि लोकतंत्र मजबूत हो सबको समानता का अधिकार हो मां बहिन की रक्षा हो, शासन क्षत्रिय के साथ भेदभाव कर रही है ओर ऐसा ही रहा तो् राजपुतो की रियासते के बारिशो को आगे कर अपनी रियासते हमे बापिस लेना होगा, देश मे क्षत्रियो का धर्म है मां बेटी की रक्षा करे ओर जो अपनी बेटीयों को छेड़ता है तो अपराधी को सजा देना शासन का काम है इसके बाद भी आपकी आवाज को दबाई जाती है। हम लोग अत्याचार इसलिए सह रहे कि अलग अलग राजनीति मे लिप्त है एक दुसरे से द्वेषता कर रहे है।



हमे एकजुट होना पडेगा। मै ऐसे कानून का भी विरोध करता हूँ जो कहता हैं कि 18 की उम्र मे लडकी, 21 की उम्र मे लडका बालिक होकर शादी करता है,बेटा हो बेटी ये मा बाप की अमानत है जिस दिन बेटा बेटी की शादी का अधिकार मां बाप को मिल जायेगा इस देश मे कोई बेटी भाग कर शादी नहीं करेगी हमे ये अधिकार भी माता पिता को दिलाना है । केवलारी बस स्टाप पर क्षणिक कार्यक्रम मे भी जीवन सिंह शेरपुर ने कहा कि किसी को डरने की जरूरत नहीं है, जब भी मेरी जरूरत हो याद करना आ जाऊंगा। कोहका मे जासवेंद्र सिंह भारद्वाज जिला अध्यक्ष करणी सेना सिवनी, राकेश सिंह बैश्य सिवनी, राजेंद्र सिंह पटेल चरगांव, सुगम सिंह राजपूत माल्हनबाडा, वीरेंद्र सिंह, मुकेश सिंह राजपूत बंदेली ने सम्बोधित किया।

# विधानसभा प्रभारी हेमंत बागदारे की उपस्थिति में बी.एल.ए. प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया आयोजित




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एस.आई.आर.(विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी, प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष रामू तेकाम, विधानसभा प्रभारी हेमंत बागदारे की उपस्थिति में बी.एल.ए. प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें जिला प्रशिक्षक भोजेश्वर पटले द्वारा उपस्थित बी.एल.ए. और कार्यकर्ताओं को एस.आई.आर. प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुये अवगत कराया की आपकी जरा सी अनदेखी से कांग्रेस पार्टी को भारी नुकसान हो सकता है आप सभी अपने बूथ पर मतदाताओं को उनके नाम जुड़वाने की आवश्यक सहयोग करें और नये मतदाताओं के नाम जोडने में आवश्यक दस्तावेजो की जानकारी देने का काम आपसे बेहतर और कोई नही कर सकता है। प्रशिक्षण में सिवनी विधानसभा के बी.एल.ए. के साथ साथ कांग्रेस के प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित हुये।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रशिक्षण में उपस्थित कांग्रेस के बीएलए को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप अपने बूथ में मतदाता पुनरीक्षण कार्य को बेहतर ढंग से कर सकते है, आप ही पार्टी के ऐसे योद्धा हो आप सभी की सक्रियता से आपके बूथ पर साफ सुथरी मतदाता सूची का निर्माण हो सकता है, आप ही कांग्रेस पार्टी का केन्द्र बिन्दु है आपकी सक्रियता ही सत्ताधारी दल भाजपा की वोट चोरी और मतदाता सूची में की जाने वाली गड़बडियॉ रोकी जा सकती है। नरेश मरावी ने आगे कहा कि हम सभी का पार्टी के प्रति यह कर्तव्य है। आज देश हित में आवश्यक है कि हम आपस में एक दूसरे की कमियों को नजर अंदाज कर सब मिलकर भाजपा सरकार की हर गलत नियत का पर्दाफास कर जनता के सामने लाने का काम करें। कांग्रेस के हजारों वीर सपूतो ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किये है, उन्ही वीर सपूतो के बलिदान और योगदान को केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकारे अपने अपने ढंग से भ्रामक दुष्प्रचार कर देश को अस्थिर करने में जुटी हुई है। श्री मरावी ने आगे कहा कि जिले में कांग्रेस संगठन एक है कांग्रेस पार्टी में किसी भी प्रकार की आपसी वैमनश्यता के लिए कोई स्थान नही है पार्टी है तो हम है हमें तो देश हित में सत्तारूढ़ भाजपा से पूरी क्षमता के साथ लड़ाई लडना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजा बघेल, प्रदेश आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष रामू टेकाम, मोहनसिंह चंदेल ने भी सम्बोधित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में घनश्याम पटेल, सुरेन्द्र करोसिया, विष्णु करोसिया, तेजसिंह रघुवंशी, आजम अली, विजय उइके, विनोद यादव, ध्रुरवनारायण चौधरी, उदयसिंह बघेल, रंजीत यादव, नितिन डहेरिया, राजू सनोडिया, सुरेश परते, प्रेमचंद भलावी, सुरेन्द्र ठाकुर, नेमकुमार जैन, ठा. जयप्रकाशसिंह परिहार, चिंतामन धुर्वे, धनंजय सिंह, शिवदीप डहेरिया, हितेन्द्र अप्पू प्रजापति, तनवीर अहमद, किशोरी कुंजाम, सरदारसिंह बघेल, चन्द्रहास सनोडिया, संजय बघेल, सुदर्शन बघेल, मेहमूद भाई, नब्बू खान, खेलनसिंह राहंगडाले, जोएब जकी अनवर, शंकरलाल डहेरिया कार्यक्रम में शामिल हुए। मंच का संचालन शिव सनोडिया ने किया एवं राजिक अकील द्वारा उपस्थित कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित बीएलए प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिवनी विधानसभा के बीएलए गणो की बडी संख्या में उपस्थिति रही।

### ऑटो यूनियन के अध्यक्ष बने आरिफ खान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नेता जी सुभाष चंद्र बोस ऑटो यूनियन जिला सिवनी के पदाधिकारी का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें आरिफ खान अध्यक्ष बने, उन्हें 243 मत मिले व अध्यक्ष पद के लिए दूसरे उम्मीदवार अगस्त लाल रजक को 240 मत मिले। इसके साथ ही उपाध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में थे जिसमें राम शंकर दुबे को 214 मत मिले जिसके चलते उन्हें उपाध्यक्ष चुना गया।

चुनाव का विवरण - अध्यक्ष पद में दो उम्मीदवार वार थे जिसमे टोटल वोटिंग हुई। 497 जिसमे आरिफ खान को वोट मिले 243, अगस्त लाल रजक को 240, रिजेक्ट वोटिंग 14 आरिफ खान 3 वोट से विजय रहे। उपाध्यक्ष पद के लिए 3 उम्मीदवार मैदान मे थे। जिसमे टोटल वोटिंग 497 हुई, माया राम यादव को 166, सादिक खान 101, राम शंकर दुबे जी 214, रिजेक्ट वोटिंग 16, जिसमे राम शंकर दुबे 48 वोट से विजय रहे।

# लखनादौन में विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।**

शासकीय सिविल हॉस्पिटल लखनादौन में विशाल स्वैक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन मंगलवार 25 नवम्बर को होगा। वरिष्ठ जन गणमान्य नागरिक ,रक्तवीर,मातृशक्ति, मीडिया साथी,युवा शक्ति ,समाजसेवी आप सभी इस पुण्य कार्य में सहभागी बनकर कार्यम को सफल बनाने की मांग की गई है। रक्तदान महादान जीवनदान ,रक्त का कोई विकल्प नहीं इसलिए रक्तदान जरूरी ,विशेष रूप से लखनादौन घंसौर धनोरा की गर्भवती महिलाएं जो गंभीर एनीमिक होती है उन्हें ब्लड स्टोरेज यूनिट से बिना बदले उपलब्धता में उपलब्ध होता है। अधिक मात्रा में उपलब्ध होने पर सामान्य मरीज को भी ब्लड दिया जाता है। आपका एक यूनिट ब्लड जीवन बचाता है। 300 रूग्ध ब्लड एक बार में निकलता है ना कोई कमजोरी ना कोई परेशानी ,आसान प्रक्रिया है ,हमे 60 वर्ष की आयु तक यदि स्वस्थ है तो रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने के अनेक फायदे है। रक्तदान करने के बाद जो आनंद की अनुभूति होती है वह अकल्पनीय है। यह प्रक्रिया 2 से 5 मिनट्स की है। रक्तदान पुण्य कार्य है। अपने खून के से किसी की जिंदगी बचे इससे बढक़र कुछ नहीं। एक बार रक्तदान करने अवश्य आएं। साथ में दोस्तों को भी प्रेरित करें। स्थान सिविल हॉस्पिटल लखनादौन। समय सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजक - ब्लड स्टोरेज यूनिट, सिविल हॉस्पिटल लखनादौन।

# विद्युत बिल समाधान योजना 2025-26 लागू

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन ने तीन माह से अधिक समय से लंबित विद्युत बिलों के भुगतान के लिए समाधान योजना 2025-26 शुरू की है इसमें घरेलू गैर घरेलू औद्योगिक और कृषि उपभोक्ताओं को लंबित बिलों पर लगने वाले अधिभार में छूट दी जा रही है शासकीय कनेक्शन इस योजना में शामिल नहीं हैं योजना 01 नवंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक दो चरणों में चलेगी। पहला चरण 03 नवंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक इसमें 60 से 100 प्रतिशत अधिभार माफी, दूसरा चरण 01 जनवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक इसमें 50 से 90 प्रतिशत अधिभार माफी,उपभोक्ता एकमुश्त भुगतान या किस्तों में भुगतान का विकल्प चुन सकते हैं। किस्तों के लिए घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को कुल बकाया का 10 प्रतिशत तथा गैर घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ताओं को कुल बकाया का 25 प्रतिशत जमा कर पंजीयन कराना होगा किस्तों की संख्या छह होगी। उपभोक्ता जानकारी के लिए नजदीकी विद्युत मंडल कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं या कंपनी की वेबसाइट और 1912 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# यातायात नियमों का पालन करने से हमारा स्वयं का ही कल्याण होता है-ब्रह्माकुमारी दीदी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सडक़ दुर्घटनाओं में गलती किसी की भी हो, हानी सदा मानवता की होती है। सडक़ दुर्घटना में अनेक अपने प्रियजनो को खो देते हैं जिसकी पीड़ा ताउम्र उनके साथ चलती है। दुर्घटनाओं में घायल हो जाते हैं उस घायल का दर्द और नुकसान जीवन भर उनके दुखों को बढ़ाता है। ऐसे ही दुखी परिजनों के लिए ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के लोनिया रोड स्थित भव्य शांति




शिखर परिसर में विश्व यादगार दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज की जिला प्रमुख ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने कहा समस्याओं का आधार मनुष्य का मन होता है, मन गतिशील होता है तब वह तेज गति से चलता है, तो वाहन की गति को तीव्र कर देता है जो दुर्घटनाओं का कारण होता है। दुर्घटनाओं से बचने के लिए समर्थ मन की आवश्यकता होती है और मेडिटेशन से, ईश्वर की याद से मन को समर्थ बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यातायात थाना प्रभारी विजय बघेल ने यातायात नियमों को पालन करने पर जोर दिया और अपने रोचक अनुभव से परिजनों को जागरूक किया। कार्यक्रम में पूर्व यातायात थाना प्रभारी सुरेश कुमार अग्निहोत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामान्य जनों को ट्रैफिक नियमों के पालन के फायदे बताए व जीवन के अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में जेसीबी ऑपरेटर संगठन के जिला अध्यक्ष दीपू कनौजिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## मेहनत, लगन और तकनीक से संतोष बघेल बने सफल पशुपालक

# स्वयं आत्मनिर्भर बनकर अन्य व्यक्तियों का भी कर रहे मार्गदर्शन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम थिगरीपार, विकासखंड सिवनी के संतोष कुमार बघेल कभी एक सामान्य ग्रामीण किसान थे। उनके पिता जगदीश सिंह बघेल पारंपरिक तरीके से देशी गायों और भैंसों का पालन करते थे। परिवार का जीवन पशुपालन पर ही निर्भर था, परंतु सीमित दूध उत्पादन और कम आमदनी के कारण आर्थिक स्थिति हमेशा कमजोर बनी रहती थी। फिर भी पशुपालन उनके परिवार के संस्कारों में रचा-बसा था। वर्ष 2018 में श्री संतोष बघेल के जीवन में परिवर्तन का अवसर आया, जब उन्होंने अपने ही क्षेत्र के सफल पशुपालक से प्रेरणा लेकर तय किया कि अब वे पशुपालन को परंपरा नहीं, बल्कि एक आधुनिक व्यवसाय के रूप में अपनाएँगे।

उन्होंने पशुपालन विभाग से संपर्क कर आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विभागीय आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना का लाभ लेकर 06 लाख रूपये का बैंक ऋण और अनुदान प्राप्त से 'आराध्या डेयरी फार्म' नाम से अपनी छोटी



डेयरी प्रारंभ की। प्रारंभ में उन्होंने 08 एचएफ गाय से अपने कार्य की शुरूआत की। जैसे-जैसे डेयरी आगे बढ़ी, वैसे-वैसे उनके आत्मविश्वास और आय दोनों में वृद्धि हुई।उन्होंने दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए हरे चारे की आवश्यकता को देखते हुए अपने खेत में नेपियर तथा बरसिम घास का उत्पादन भी प्रारंभ कर दिया जिससे वर्ष भर हरे चारे की उपलब्धता बनी रही। संतोष बघेल ने वर्ष 2020 में "पशुपालन आधारित किसान क्रेडिट कार्ड योजना" का लाभ भी उठाया। पंजाब नेशनल बैंक से 01 लाख 60 हजार रूपये की सहायता राशि मिलने पर उन्होंने अपने पशुओं के लिए संतुलित आहार, दवाइयों और उपकरणों की व्यवस्था की। धीरे-धीरे उनके पास 21 उन्नत एचएफ नस्ल की गायें हो गईं, जिनसे अब प्रतिदिन लगभग 320 लीटर दूध प्राप्त होता है।

श्री संतोष बघेल अपने क्षेत्र के प्रमुख दुग्ध उत्पादकों में से एक हैं। वे प्रति वर्ष लगभग 40 लाख रूपये का दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद विक्रय करते हैं और सभी खर्चों के बाद लगभग 15 लाख रूपये की शुद्ध वार्षिक आय अर्जित करते हैं। दूध उत्पादन के साथ-साथ वे कृषि कार्य हेतु गोबर खाद का उपयोग करते हैं और अपने घर में बायोगैस संयंत्र से स्वच्छ ऊर्जा प्राप्त करते हैं। श्री संतोष बघेल न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में सफल हुए हैं, बल्कि उन्होंने आसपास के किसानों को भी प्रेरित किया है। अब कई युवा उनके मार्गदर्शन में पशुपालन को अपनाने लगे हैं।

# मंडल अध्यक्ष धूमा के प्रयासों से सामुदायिक भवन की मिली सौगात

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

लखनादौन मंडल अध्यक्ष धूमा के प्रयासों से मिली धूमानगर को मिली सामुदायिक भवन की सौगात धूमा में स्थित प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां धूमावती मंदिर प्रांगण में विगत कई वर्षों से सामुदायिक भवन की मांग की जाती रही है यहां पर साल भर अनेक साधु संतों का आना-जाना होता है एवं नर्मदा परिक्रमा का प्रमुख मार्ग होने के कारण साल भर अनेकों संख्या में मां नर्मदा परिक्रमा वासी भी यही से होकर गुजरते हैं एवं मंदिर में ही विश्राम के लिए रुकते हैं परंतु पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण मां नर्मदा परिक्रमा वासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था इन्हीं समस्याओं को लेकर धूमा मंडल अध्यक्ष सतीश सोनू पाराशर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन जी क्षेत्रीय सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते जी एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल जी से मिले और इस समस्या से अवगत कराया जिस पर माननीय मंत्री जी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मां धूमावती मंदिर प्रांगण में 47 लख रुपए के सामुदायिक भवन की विधिवत घोषणा कर दी एवं पत्र भी जारी कर दिया जिसका निर्माण कार्य भी जल्दी ही शुरू किया जावेगा मंडल अध्यक्ष सतीश सोनू पाराशर ने तीनों जनप्रतिनिधियों के प्रति अपना आभार प्रकट किया है इस सामुदायिक भवन की सौगात मिलने से क्षेत्रीय लोगों में हर्ष का वातावरण है एवं सभी भक्तजन श्रद्धालु जन बहुत ही प्रसन्नित है।

### जंगल में अधखाया शव मिला
## बाघ का खूनी खेल, बुजुर्ग को बनाया निवाला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





गढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के सूपखार परिक्षेत्र के ग्राम रनवाही के जंगल में एक वृद्ध का शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला है। जिसका बाघ ने शिकार कर शरीर के आधे हिस्सा को पूरी तरह से खा लिया। मृतक की पहचान गुणिराम पिता उदयराम यादव 65 वर्ष ग्राम सिंघनपुरी थाना चिल्पी जिला कबीर कबीरधाम छत्तीसगढ़ राज्य के रूप में की गई। सोमवार को पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम कराकर स्वजनों को सौंपा। बताया गया कि गुणिराम यादव अपने परिवार के साथ खेती किसानी कर अपने घर के मवेशियों को चराने का काम करता था जिसके मवेशी गुम हो गए थे। शनिवार को वह दोपहर ढ़ाई बजे अपने घर से मवेशी ढूंढने के लिए निकला था, लेकिन घर वापस नहीं आया। परिवार के लोगों ने आसपास के गांव और ग्राम समीप जंगल में खोजबीन किए, परंतु गुणिराम यादव का कोई पता नहीं चला। रविवार को गुणिराम यादव के लापता होने की रिपोर्ट उसके पुत्र बुधराम यादव 35 वर्ष ने कबीरधाम जिले के चिल्पी थाना में दर्ज कराई।

अगले दिन बुधराम यादव रिश्तेदारों और वनकर्मियों के साथ खोज में निकले। जंगल में उन्हें खून से सने कपड़े मिले, जिससे अनहोनी का अंदेशा हुआ। कुछ दूरी पर रनवाही जंगल के भीतर बाघ द्वारा आधा खाया शव बरामद हुआ। शव के आसपास बाघ के पगचिह्न मिले, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि हमला बाघ का ही था।

गढ़ी थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह पंद्रो ने बताया कि घटना स्थल पर बाघ के पगमार्क मिले हैं। शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। वन विभाग ने भी पुष्टि की है कि यह हमला बाघ द्वारा किया गया था।

### हेंडपंप खनन से खत्म हुई वर्षों पुरानी समस्या
## केरीकोना और लम्हेरीटोला में मिला पेयजल का तोहफ़ा

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा हेंडपंप का खनन कर ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही पेयजल की समस्या का किया समाधान**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।

बिरसा विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य एवं नक्सल प्रभावित ग्राम केरीकोना और लम्हेरीटोला के ग्रामीणों के लिए 24 नवंबर का दिन बड़ी राहत लेकर आया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा इन दोनों ग्रामों में एक-एक हेंडपंप का खनन कर ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही पेयजल की समस्या का समाधान कर दिया गया है।ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं होने की जानकारी मिलते ही कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने तुरंत संज्ञान लेते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को इन क्षेत्रों में तत्काल हेंडपंप खनन के निर्देश दिए थे। निर्देश मिलते ही विभाग ने बड़ी मशीनें लेकर स्थल पर पहुंचकर हेंडपंप खनन का कार्य पूरा किया।

कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उईके ने बताया कि केरीकोना और लम्हेरीटोला में हेंडपंप स्थापित कर दिया गया है, जिसके बाद 24 नवंबर से दोनों ग्रामों के लोगों को स्वच्छ पानी मिलना शुरू हो गया है। हेंडपंप खनन के बाद ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही है। अब उन्हें पानी की तलाश में लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी और गांव में ही स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन के इस त्वरित और प्रभावी प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया है।



## दो वर्ष में परसवाड़ा को क्रमबद्ध विकास के पथ पर अग्रसर करने का प्रयास है : विधायक मधु भगत



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर क्षेत्र की विकास यात्रा, उपलब्धियों और आगामी लक्ष्यों पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि विकास एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है और उनका संकल्प है कि परसवाड़ा को क्रमबद्ध एवं योजनाबद्ध विकास मार्ग पर आगे बढ़ाया जाए।

विधायक भगत ने कहा कि पिछले दो वर्षों में उनका सबसे बड़ा फोकस क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने और उन समस्याओं के समाधान पर रहा है, जो लंबे समय से अनसुलझी थीं। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें जो अभूतपूर्व स्नेह और विश्वास विधानसभा चुनाव में प्रदान किया, उस पर खरा उतरना ही उनकी प्रथम प्राथमिकता है।

क्षेत्र में सड़क, बिजली, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुचारू करने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं। ग्रामीण अंचलों में पेयजल संकट को दूर करने हेतु नए हैंडपंप, नल-जल योजनाएँ और पाइपलाइन सुधार कार्य तेज किए गए हैं। कई महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण और मरम्मत कार्यों को गति देकर संपर्क व्यवस्था को बेहतर बनाया गया है।

शिक्षा के क्षेत्र में भी विधायक भगत ने उल्लेखनीय पहलें की हैं। विद्यालय भवनों के उन्नयन, नए कक्षों के निर्माण, खेल सामग्री उपलब्ध कराने और छात्रावासों की सुविधाओं को सुधारने जैसे कार्यों से क्षेत्र में शिक्षा का माहौल मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि आदिवासी एवं ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है।

स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर बोलते हुए विधायक ने बताया कि उपस्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में संसाधनों की कमी को दूर किया गया है। दवाओं की नियमित आपूर्ति, चिकित्सकों की उपलब्धता और एम्बुलेंस सेवाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है ताकि ग्रामीणों को समय पर उपचार मिल सके।

विधायक भगत ने कहा कि क्षेत्र में लंबित परियोजनाओं के शीघ्र निपटान के लिए उन्होंने कई बार राज्य एवं केंद्र स्तर पर संबंधित विभागों के साथ बैठकें की हैं। निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी मिली है जबकि कुछ कार्य अंतिम चरण में पहुँच चुके हैं।

उन्होंने बताया कि जनता द्वारा उठाई जा रही समस्याओं का समाधान उनकी कार्यशैली का केंद्र बिंदु है। निरंतर जनसंपर्क के माध्यम से वे लोगों से जुड़े रहते हैं और अधिकारियों के साथ समन्वय कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखना और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रशासन और पुलिस विभाग के सहयोग से ऐसे तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, ताकि क्षेत्र का शांतिपूर्ण वातावरण और विकास की गति प्रभावित न हो।

अंत में विधायक मधु भगत ने कहा कि आने वाले समय में परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र को मॉडल क्षेत्र के रूप में स्थापित करना उनका लक्ष्य है। उन्होंने जनता के सहयोग, सुझाव और विश्वास के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यही समर्थन उन्हें बेहतर और प्रभावी कार्य करने की निरंतर प्रेरणा देता हैं।

## आज डेढ़ घंटे नगरीय क्षेत्र में विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट नगरीय क्षेत्र में 25 नवबंर को सुबह 9:30 बजे से 11 बजे तक विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। विद्युत कंपनी ने पॉलिटेक्निक कॉलेज रोड स्थित केविन हॉस्पिटल के सामने 11 केवी तारों के बीच गैप कम होने के कारण सुधार कार्य के लिए सूचना जारी की है। तारों के टकराने से दुर्घटना की आशंका बनी थी।

जारी सूचना के अनुसार, नगरीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशन और मोतीनगर फीडर से जुड़े इलाकों में बिजली बंद रहेगी। रेलवे स्टेशन फीडर से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में आईजी ऑफिस, एमएलबी स्कूल, सीएम राइज स्कूल, पवार छात्रावास, मिताली अस्पताल, आयुष्मान अस्पताल, सोगापथ, मार्डीकर गली।

ऋषि कॉम्प्लेक्स, हनुमान चौक, लक्ष्मी पथ, स्वर्ण इंजीनियरिंग, झूलेलाल धर्मशाला, डॉ. महाजन, होटल मल्लिकार्जुन, होटल मिडटाउन, होटल गुलमोहर, डॉ. विकास बिसेन, प्रकाश टायर, नया राममंदिर, रेलवे स्टेशन, श्याम मॉल, महाराणा प्रताप चौक।

स्नेह नगर, एक्सिस बैंक, केशर प्लाजा, धनराज कॉम्प्लेक्स, बागरेचा कॉम्प्लेक्स, पुराना पंजाब बैंक, आरोग्य हॉस्पिटल, इनकम टैक्स ऑफिस, गोंदिया रोड, रेलवे स्टेशन एचटी कनेक्शन और डॉ. चतुरमोहता अस्पताल शामिल हैं।

इसी तरह, मोतीनगर फीडर से चौधरी आटा चक्की, केविन हॉस्पिटल, मोती तालाब क्षेत्र, जैन अस्पताल, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, माहुले हार्डवेयर गली, केदार प्लाजा, गायत्री मंदिर रोड, हीरो सर्विस सेंटर, प्रेम नगर, हीरो सर्विस एजेंसी, शिव मंदिर, नर्मदा नगर, दुर्गा मंदिर, एचपी गैस एजेंसी।

बर्फ फैक्ट्री, शारदा नगर, परमार उद्योग, सरस्वती नगर, विवेकानंद कॉलोनी, राधाकृष्ण स्कूल, गुजराती समाजवाड़ी, स्नेह नगर, वैध लॉन, गणपति अस्पताल, बब्बू टायर, आरोग्य अस्पताल, गोंदिया रोड, गुरुनानक पेट्रोल पंप, हरिओम मंगल भवन और रेलवे स्टेशन फाटक तक का पूरा क्षेत्र प्रभावित रहेगा।

## सोनपुरी ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा स्टॉप डेम
### रो-रो कर बयां कर रहा अपनी दास्तान

हरिभूमि न्यूज उकवा।





जनपद पंचायत बैहर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनपुरी में लगभग आठ लाख रुपए की लागत से बने स्टाप डेम जिसके दोनो साईड वाल जिनकी लंबाई करीब दस मीटर है ऊँचाई करीब चार फिट है एवं सेंटर वाल की लंबाई लगभग चार मीटर एवं ऊँचाई करीब तीन फिट है यानी दुनिया का सबसे छोटा स्टाप डैम इसके निर्माण कार्य में लगाई गई है नाले की रेत आधी पत्थर बन चुकी सीमेंट जिसे मजदूरों के द्वारा फोड़कर कंक्रीट में मिलाया गया हैंडलूम कंक्रीट से बने इस मिनी डैम की दीवार से जगह-जगह पानी की धार निकल रही है। ₹₹ एक भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए दूसरे भ्रष्टाचार की कर रहे तैयारी । ग्राम कंचन टोला के स्टॉप डैम का काम करने वाले मजदूरों ने बताया कि काम करने के बाद जब कई महीनो बाद भी हमें मजदूरी नहीं मिली तब हम सरपंच के पास अपनी शिकायत लेकर गए तो सरपंच द्वारा कहा गया कि रोड का काम चालू होने दो मैं वहां से तुम्हारी मजदूरी का पैसा दे दूंगा। तो इसका साफ मतलब यह हुआ कि स्टांप डैम की बलि चढ़ाने के बाद अब रोड की बारी है। मजदूरों ने यह भी बताया कि जिस जगह डैम बनाया गया है उससे किसी को भी कोई फायदा नहीं होगा।

#### कोरे कागज की तरह साफ सुतरा है निर्माण कार्य का बोर्ड

किस मत या किसी योजना से यह निर्माण कार्य कराया जा रहा है उस कार्य को करने वाली निर्माण एजेंसी कौन है यह तो लिख नहीं सकते क्योंकि उस योजना का तो इन्होंने सत्यानाश कर दिया लगता है वहां लगे निर्माण कार्य के बोर्ड ने भी इनसे कहा होगा की स्वीकृत राशि का 25% भी तुमने यहा खर्च नहीं किया तो बोर्ड में क्या लिखोगे । आज दिनांक तक मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नहीं कर पाए तो बोर्ड में उनकी मजदूरी क्या लिखोगे । और जब यह सब नहीं लिख सकते तो किस तारीख को काम शुरू हुआ और किस तारीख को समाप्त यही लिखकर क्या करोगे । जांच का विषय तो यह है कि किस इंजीनियर के मार्गदर्शन में इस स्टाफ डैम का कार्य किया गया और इतने गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य का मूल्यांकन कैसे कर दिया गया यह जांच का विषय है सरकारी राशि का बंटाधार करने वाले भ्रष्टाचारियों का चेहरा सामने लाने के लिए इसकी जांच होना बहुत जरूरी है और जब तक गरीब मजदूरों को उनकी मजदूरी एवं भ्रष्टाचार का शिकार हुए स्टाफ डैम को न्याय नहीं मिल जाता और दोषियों को सजा तब तक समाचार प्रकाशित किया जाता रहेगा और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ शिकायत होती रहेगी।

### ड्रग इंस्पेक्टर 50 दुकानों का करे निरीक्षण
## कोई भी मेडिकल स्टोर्स फार्मासिस्ट के बगैर संचालित न हो



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** स्वास्थ्य विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में कोई भी मेडिकल स्टोर्स फार्मासिस्ट के बगैर संचालित नहीं होना चाहिए। इसके लिए जिले में पदस्थ दोनों ड्रग इंस्पेक्टर को सप्ताह में 50-50 मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण करने का लक्ष्य दिया गया और स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों के अनुसार बगैर फार्मासिस्ट के संचालित मेडिकल स्टोर्स पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान पूर्व में किये गये निरीक्षण की रिपोर्ट को संबंधित प्रतिष्ठान में डिस्प्ले कराना सुचिश्चित करें। जिससे पता चल सकेगा कि पूर्व में निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देशों का कितना पालन किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिनियम के नियमों का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों को बंद कराये जाने पर वह प्रतिष्ठान अपर कलेक्टर न्यायालय के आदेश से ही पुनः खोले जायेंगें।

## प्रशासन को नींद से जगाने के लिए लालबर्रा में जल्द शुरू होगी 'सर्राटी नदी बचाओ यात्रा'
### अवैध उत्खनन के खिलाफ युवा मोर्चा की मुहिम

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा ।** क्षेत्र की जीवनदायिनी सर्राटी नदी पर जारी अवैध रेत उत्खनन और इसके कारण हो रहे गंभीर पर्यावरणीय नुकसान के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) मण्डल, लालबर्रा ने एक बड़ी जन-जागरूकता मुहिम छेड़ने का ऐलान किया है। भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष संजीव अवधिया ने सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी साझा की है कि जल्द ही 'सर्राटी नदी बचाओ यात्रा' का आयोजन किया जाएगा।युवा मोर्चा का यह कदम क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे अवैध उत्खनन को लेकर स्थानीय प्रशासन की उदासीनता पर सीधे तौर पर सवाल खड़ा करता है।




**उद्देश्य 'नींद में सो रहे' प्रशासन को जगाना:** भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष संजीव अवधिया ने अपने फेसबुक पोस्ट में स्पष्ट किया कि यह यात्रा जनहित में और सर्राटी नदी के सभी घाटों पर हो रहे अवैध उत्खनन को रोकने के लिए आयोजित की जा रही है। उन्होंने पोस्ट में तीखे शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा, ₹जल्द लालबर्रा में सर्राटी नदी बचाओ यात्रा, जो सर्राटी के सभी घाटों में अवैध उत्खनन से नींद में रहने वाले प्रशासन को उठाने का काम करेगी।₹ इस बयान से स्पष्ट है कि युवा मोर्चा अब इस गंभीर विषय पर मात्र ज्ञापन या निवेदन तक सीमित न रहकर, जनता के बीच जाकर आंदोलन का रुख अपनाएगा।



**यात्रा का स्वरूप और प्रभाव:** यह यात्रा सर्राटी नदी के किनारे बसे विभिन्न गांवों और घाटों से होकर गुजरेगी, जहाँ लोगों को अवैध उत्खनन के दुष्परिणामों, जैसे भू-जल स्तर में गिरावट, नदी के स्वरूप में परिवर्तन और पारिस्थितिकी तंत्र को होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जाएगा। अवैध रूप से रेत निकालने वाले माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग करना। यात्रा के माध्यम से स्थानीय निवासियों और किसानों को इस मुहिम से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, जो नदी पर निर्भर हैं। भाजयुमो का मानना है कि रेत माफियाओं के सामने प्रशासन का यह मौन रवैया अत्यंत निराशाजनक है और अगर इस पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले समय में नदी का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। संजीव अवधिया ने बताया कि यात्रा की विस्तृत रूपरेखा और तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी।

## जागो भारत अभियान, राष्ट्रीय पर्यावरण बचाओ अभियान के तत्वाधान में रचनात्मक गतिविधियों का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

रविवार को हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड मलाजखंड के प्रगति मैदान में देश हित तथा जन हित की दृष्टिकोण से परेड और रचनात्मक गतिविधि के कार्यो को सफल बनाने हेतु राष्ट्रीय पर्यावरण विद् एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भूपेंद्र तेकाम जी,गोंडवाना समाज इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज तेकाम, संविदा मजदूर संघ के महासचिव बसंत मेरावी HCL कर्मचारी, सी.एम.राइज स्कूल के स्पोर्ट टीचर प्रमेश तेकाम, शिक्षा विभाग से सुरेंद्र धुर्वे बी.ए.सी.,आवासीय छात्रावास के अधीक्षक अजय बोरकर और धुर्वी HCL कर्मचारी की उपस्थिति में सी. एम. राइज स्कूल,मॉडल स्कूल तथा आवासीय छात्रावास के लगभग 90 विद्यार्थियों द्वारा परेड किया गया और प्रगति मैदान में श्रमदान किया गया जिसमे पॉलिथिन व कचरा उठाकर इकट्ठा किया गया और सभी के द्वारा क्षेत्र और देश को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।

### विधायक गौरव पारधी ने मुख्यमंत्री के समक्ष गोवारी समाज की मांगों को फिर उठाने का दिया आश्वासन
## आदिवासी गोवारी समाज संगठन ने सीताबर्डी घटना के 114 शहीदों को किया नमन




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** नागपुर के सीताबर्डी में 23 नवंबर 1994 को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलाने की मांग के दौरान हुए हादसे में माला बाई कोहरे सहित 114 बंधु शहीद हुए थे। उनकी याद में आज आदिवासी गोवारी समाज संगठन ने शहीद दिवस की 31वीं वर्षगांठ पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कटंगी के सिवनी रोड स्थित शहीद स्मारक स्थल पर हुए कार्यक्रम में बाबा नाथेश्वर ठंगसे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी, जिला पंचायत सभापति केसर बिसेन, विहिप नेता ललित सिंह पारधी और तिरूमाल जेटूसिंह तेकाम भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के आरंभ में विधायक गौरव पारधी और अन्य अतिथियों ने डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर, भगवान बिरसा मुंडा और शहीदों के स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों और समाज के वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

**समाज की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष फिर रखेंगे:** विधायक गौरव पारधी ने कहा कि 23 नवंबर 1994 की यह घटना गोवारी समाज के संघर्ष की पीड़ादायक याद है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार इसकी बड़ी जिम्मेदार रही है, और इस घटना का दर्द हमेशा महसूस किया जाता रहेगा। उन्होंने बताया कि वे समाज की मांगों को लेकर लगातार मुख्यमंत्री से संपर्क में हैं और पिछले वर्ष प्रतिनिधिमंडल की भेंट भी करवाई थी। विधायक ने कहा कि आदिवासी गोवारी समाज संगठन अपने हक को लेकर लगातार सक्रिय है, सभी का आशीर्वाद और सहयोग भी मिल रहा है और वह स्वयं भी प्रतिनिधि मण्डल के साथ मुख्यमंत्री व आयोग के अध्यक्ष से फिर मुलाकात करेंगे।

**गोवारी समाज द्वारा शहीद आशीष शर्मा को दी गई श्रद्धांजलि:** कार्यक्रम के दौरान गोवारी समाज संगठन ने हाल ही में नक्सली हमले में शहीद हुए जवान आशीष शर्मा को भी नमन किया। सामाज के लोगो ने कहा कि देश की सुरक्षा में दी गई यह बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। युवाओं ने बाइक रैली निकालकर सामाजिक एकता और सम्मान का संदेश दिया।उक्त कार्यक्रम में जनपद सदस्य सुखराम राऊत, के एल चौधरी, वरूण देशमुख, नगर मंडल महामंत्री सोनु देशमुख, प्रियांश राऊत, नरेंद्र राउत ने मंचीय उपस्थिति दी।कार्यक्रम को सफल बनाने में बारकू मानकर, अशोक कारसपें, गोविंद सेंदरे, सुखराम वाघाड़े, भरतलाल ठाकरे समेत कई सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ी पुरस्कार से हुए सम्मानित
## गुडरूघाट मिरगपुर में टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** मिरगपुर गुडरूघाट जय दुर्गा क्रिकेट कल्ब तत्वावधान में टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 20 नवंबर से किया गया था । प्रतियोगिता का फाइनल मैच 2 4 नवंबर सोमवार को तुमाडी और गुडरूघाट मिरगपुर टीम के बीच खेला गया ।इस रोचक मुकाबले में तुमाडी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ विकेट से फाइनल मैच जीत कर प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया। विजेता टीम तुमाडी को 21 हजार 111 रूपए की राशि एंव ट्रापी तथा उपविजेता टीम गुडरूघाट मिरगपुर को 11111 रूपए की राशि व ट्रापी पुरस्कार के रूप में अथितियो के हस्ते प्रदान कर सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार पहले ट्रास जीतकर तुमाडी की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और गुडरूघाट मिरगपुर की टीम को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया । तुमाडी टीम की उम्दा गेंदबाजी का सामना करते हुए गुडरूघाट मिरगपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवरो में पांच विकेट आऊट होकर 59 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया। गुडरूघाट की टीम के बल्लेबाजो ने क्रीज पर बेहतरीन बल्लेबाजी की और अपनी टीम के लिए सम्मान जनक स्कोर खड़ा किया। दिए हुए लक्ष्य का पीछा करते हुए तुमाडी के टीम के खिलाड़ीयो ने करीब चार ओवर में दो विकेट आऊट होकर 60 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल कर मैच जीत लिया । तुमाडी के ओपनर बल्लेबाजो ने रोचक बल्लेबाजी व उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मैच को जीताने में अपने टीम के लिए अहम योगदान प्रदान किया । प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दोनों टीम के खिलाड़ीयो के द्वारा मैदान में रोचक खेल का प्रदर्शन किया और खेल भावना का सकारात्मक परिचय दिया। मैदान में दर्शको ने मैच का खूब लुप्त उठाते हुए खिलाड़ीयो के प्रदर्शन की सहारना की । इस अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह में दिलीप बिसेन सरपंच गुडरूघाट, दिपक देशमुख सरपंच मिरगपुर, अनिल मर्सकरे सरपंच सावरगांव, आलोक पाटील जप.सदस्य, राजेश चौहान समाजसेवी गुडरूघाट,राहुल देशमुख समाजसेवी मिरगपुर, शैलेश मेश्राम, मंगेश साहू, सहयोगी कॉमेंट्स के रूप में राज रांगहडाले सहित अन्य मंचाशीन मौजूद रहे।